संख्या:70/2020/1930जेएल/22-3-2020-100(47)/2020

प्रेषक,

सुरेश कुमार पाण्डेय,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

पुलिस महानिदेशक/महानिरीक्षक,
कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-3 *लखनऊ: दिनांक: 30 सितम्बर 2020*

विषय: जिला कारागार मऊ में निरूद्ध 05 विचाराधीन बंदियों को प्रशासनिक आधार पर अन्यत्र कारागारों में स्थानान्तरित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-23252/सामा-1(8)/मऊ/2020, दिनांक 22-09-2020 में की गयी संस्तुति के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासन द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त उ0प्र0 जेल मैनुअल के प्रस्तर-128 सपठित-409ए में निहित प्राविधानों के अनुसार जिला कारागार मऊ में निरूद्ध निम्नलिखित 05 विचाराधीन बंदियों को प्रशासनिक आधार पर उनके नाम के सम्मुख अंकित कालम-4 की कारागारों में स्थानान्तरित किये जाने की स्वीकृति प्रदान की जाती है:-

क्र0सं0	विचाराधीन बंदी का नाम व पिता का नाम	निरूद्धि की वर्तमान कारागार	कारागार का नाम जहॉ स्थानान्तरित किया जाता है ।
1	2	3	4
1	विक्रान्त यादव पुत्र श्री बालकिशून यादव	जिला कारागार मऊ	केन्द्रीय कारागार आगरा
2	अरूण राजभर उर्फ दाड़ी पुत्र श्री राजेश राजभर	जिला कारागार मऊ	केन्द्रीय कारागार बरेली
3	राहुल राजभर पुत्र श्री ओमकार	जिला कारागार मऊ	केन्द्रीय कारागार फतेहगढ़
4	मिथिलेश उर्फ लालू यादव पुत्र श्री गोपाल यादव	जिला कारागार मऊ	केन्द्रीय कारागार नैनी
5	हरेन्द्र उर्फ कुन्नू सिंह पुत्र श्री दीना नाथ सिंह	जिला कारागार मऊ	जिला कारागार फिरोजाबाद

2- कृपया उपरोक्तानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराते हुए अनुपालन आख्याशासन को शीघ्र उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

सुरेश कुमार पाण्डेय
विशेष सचिव।

संख्या:70/2020/1930जेएल(1)/22-3-2020-तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. निजी सचिव, मा0 राज्य मंत्री, कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग, उ0प्र0।
2. अपर पुलिस महानिदेशक, कानून एवं व्यवस्था, उ0प्र0, लखनऊ।
3. जिला मजिस्ट्रेट, मऊ/आगरा/बरेली/फतेहगढ़/प्रयागराज/फिरोजाबाद।
4. वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मऊ/आगरा/बरेली/फतेहगढ़/प्रयागराज/फिरोजाबाद।
5. अधीक्षक, जिला कारागार मऊ को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि प्रश्नगत बंदियों को जिला कारागार मऊ से संबंधित कारागारों में स्थानांतरित/दाखिल किए जाने की सूचना रेडियोग्राम के माध्यम से उ0प्र0 शासन को उपलब्ध करायें।
6. वरिष्ठ अधीक्षक केन्द्रीय कारागार, आगरा/बरेली/फतेहगढ़/नैनी, प्रयागराज एवं अधीक्षक, जिला कारागार, फिरोजाबाद।
7. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

कृष्ण कुमार सिंह
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in